Regarding repairing of NH-6

**श्री परिमल शुक्लबैद्य (सिल्चर) :** सभापति महोदय, आपने मुझे गणतंत्र के पवित्र मंदिर में जिंदगी में पहली बार बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं ।

सर, मैं सिल्चर से चुन कर आया हूं । आफ्टर इंडिपेंडेंस, वर्ष 1947 से वर्ष 2018 तक मेघालय होते हुए जाने वाली एनचए-6 सिंगल लेन थी । इसकी लंबाई 348 किलोमीटर है । मोदी जी के आने के बाद वर्ष 2014 में पहली बार नितिन जी के नेतृत्व में एनएच-6 डबल लेन हुई । पहले हमें सिल्चर जाने के लिए, 340 किलोमीटर की यात्रा करने में तीन दिन लगते थे । मगर वर्ष 2014 के बाद हम लोग वहां छह-सात घंटे में जा सकते हैं । सिल्चर सिर्फ सिल्चर नहीं है, बल्कि यह गेटवे ऑफ मिजोरम, गेटवे ऑफ त्रिपुरा और गेटवे ऑफ मणिपुर है । तीनों राज्यों में सिल्चर होते हुए गाड़ी गुजरती है ।

आपको जानकारी है कि हमारे नॉर्थ-ईस्ट में हिली ट्रैक्स होते हैं । हमारे नॉर्थ-ईस्ट, मेघालय में ज्यादा वर्षा होती है । वहां लैंड स्लाइड की प्रॉब्लम है । अभी यह रास्ता बिगड़ गया है । मैं कह सकता हूं कि यह खत्म ही हो गया । अभी होजाई से सिल्चर जाने में दो दिनों का समय लगता है । वहां छोटी गाड़ियां नहीं जा पाती हैं । इसमें से कुछ एनएचएआईडीसीएल और कुछ एनएचएआई मेन्टेन करता है ।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से नितिन जी से गुजारिश करता हूं कि कृपा करके इस रास्ते को जल्द मरम्मत करने की कोशिश करें, क्योंकि वह पूरे भारत के रास्ता का रूपकार है । यह एक रास्ता है, सिल्चर जाने के लिए अलग से रास्ता है । वाजपेयी जी ने पहली बार नाम लेकर कहा था और सिल्चर से सौराष्ट्र तक ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर बनने का प्रपोजल इसी सदन से आया था । वर्ष 2014 से पहले वाजपेयी जी के समय में काम शुरू हुआ । दस साल वह ऐसे ही पड़ा रहा, वह खत्म हो गया, बिगड़ गया, मगर वर्ष 2014 के बाद, मोदी जी के आने के बाद इस रास्ते के काम की शुरुआत हुई । वहां कुछ काम हो ही गया है, लेकिन 30-40 किलोमीटर का काम बाकी है । आपको हाफलोंग के बारे में जानकारी है । हाफलोंग के 30 किलोमीटर रास्ते का काम पूरा हो जाने पर हम लोग इससे सिल्चर जा सकते हैं ।

इसीलिए मेरी विनती है कि मोदी जी के आने के बाद, नितिन जी के नेतृत्व में ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के काम की शुरुआत हुई, इसका काम जल्द पूरा हो । यही आपके माध्यम से मेरी विनती है। सिल्चर सिटी के बीच से गुजरता हुआ रास्ता दो किलोमीटर का है । वहां इस बार ज्यादा बरसात हुई है । यह भी एनएचएआईडीसीएल देखता है । मेरा आपके माध्यम से नितिन जी से विनम्र निवेदन है कि सिल्चर सिटी का रास्ता जल्द से जल्द पूरा किया जाए । यह पावन दुर्गा पूजा के पहले पूरा हो जाए ताकि हम अच्छे ढंग से चल सकें । धन्यवाद । ? (व्यवधान)